>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Balli Durga Prasad Rao, sitting Member of the Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे साथी, श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है ।

श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव वर्तमान सदस्य थे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे ।

श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति के सदस्य थे ।

इससे पहले, श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव आंध्र प्रदेश विधान सभा के चार कार्यकाल के लिए सदस्य रहे । उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री के रूप में भी कार्य किया ।

श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद राव का निधन 16 सितम्बर, 2020 को 64 वर्ष की आयु में चेन्नई में हुआ ।

अपने साथी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए यह सभा शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन खड़ी रहेगी ।

15.0 ½ hrs

(The Members then stood in silence for a short while.)

माननीय अध्यक्ष : *ऊँ शांति । शांति । । शांति॥ ।*

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही चार बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

15.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Sixteen of the Clock.

16.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Sixteen of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair)*